Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 19-03-2007

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

an>

Title: Need to widen and strengthen the National Highway passing through Hamirpur Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर-महोबा के अंतर्गत राट्रीय राजमार्ग झाँसी-मिर्जापुर में देवरी बांध जनपद झांसी से लेकर मटौंध, जनपद बांदा तक एवं राट्रीय राजमार्ग कानपुर-सागर में हमीरपुर से कैमाहा, जनपद महोबा तक सड़क का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण के निर्माण कार्य को वार्कि योजना में शमिल करके, निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

कस्बा सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर के बाईपास हेतु 22 करोड़ लगभग की धनराशि स्वीकृत हुई थी, परन्तु यह धनराशि अभी तक अवमुक्त नहीं हूई है, न ही निर्माण कार्य शुरू किया गया। कबरई से मटौंध के बीच चल रहा निर्माण कार्य भी गुणवत्ता के अनुरूप न होकर बहुत ही धीमी गति से हो रहा है।

कानपुर-सागर राट्रीय राजमार्ग में हमीरपुर से कबरई तक जो निर्माण कार्य चल रहा है, वह बहुत ही धीमी गति एवं खराब गुण वत्ता के साथ हो रहा है। इसका निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित कराया जाए। वर्तमान में महोबा से कानपुर तक, महोबा से रोडवेज की बसें, निजी गाड़ियां एवं कबरई से हजारों ट्रक पत्थर से लदे हुए चलते हैं तथा हमीरपुर से बालू से लदे ट्रक प्रतिदिन चलते हैं, जबकि यह सड़क उस मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप बनी हुई नहीं है। सड़क की हालत बहुत ही खराब है। यातायात ज्यादा होने के कारण गाड़ियां ऊबड़-खाबड़ रास्ते से बहुत धीमी गति से चलानी पड़ती है तथा प्रतिदिन दुर्घटनाएं एवं जाम की समस्या बनी रहती है। बस के द्वारा महोबा से कानपुर लगभग 130 किलोमीटर की दूरी 6-7 घंटे में तय होती है।

अतः सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि कृपया मेरे संसदीय क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने के लिए लोगों की आवश्यकताओं एवं गुणवत्ता के अनुरूप उक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण वार्कि योजना में शामिल कराते हुए शीघ्र निर्माण सुनिश्चित कराने का कट करें।